झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा **अष्टम् (बजट)सत्र**

संख्या-06 **सोमवार, दिनांक-23 जनवरी, 2017 ई०।**

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 01.37 बजे अप० तक ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

1.विविध चर्चायें:-

i- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने अपने द्वारा जरमुंडी थाना प्रभारी के विरूद्ध दिये गये प्रश्न को तारांकित रूप में परिणत किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की और आसन से जाँच की माँग करने लगे जिसका समर्थन माननीय सदस्य, श्री बादल ने भी किया साथ ही उन्होंने चार विधायकों के हुए निलम्बन पर पुनर्विचार किये जाने हेतु आग्रह भी किया। आसन द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया कि आसन इसपर संवेदनशील है और ससमय इसका हल अवश्य ही निकाल लिया जायेगा,

ii- माननीय नेता प्रतिपक्ष ने भी माननीय विधायकों के निलम्बन पर पुनर्विचार किये जाने हेतु आसन से अनुरोध किया,

iii- भू-माफियाओं द्वारा आदिवासी जमीन की अवैध रूप से कर ली गयी जमाबंदी के विरूद्ध आज राजधानी में जगह-जगह पर प्रभावितों द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन की ओर आसन का ध्यान माननीय सदस्य, श्री सुखदेव भगत ने आकृष्ट करते हुए जाँच की माँग की,

iv- माननीय सदस्य, श्री जीतू चरण राम ने दिनांक-23.11.2016 को सदन में घटित अप्रत्याशित घटना का जिक्र करते हुए अपनी भावना को व्यक्त करते हुए आसन के माध्यम से आग्रहपूर्वक कहा कि विपक्ष की ओर से निलम्बन के पुनर्विचार हेतु आग्रह होना चाहिए न कि दबाव,

v- माननीय सदस्य, श्री राधा कृष्ण किशोर ने अपनी भावना को व्यक्त करते हुए कहा कि CNT, SPT ACT का मामला प्रश्न, ध्यानाकर्षण आदि माध्यमों से सदन में आना चाहिए,

vi- इस क्रम में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्य पुनः CNT, SPT ACT में हुए संशोधन को वापस लेने की माँग को लेकर सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे,

vii- सत्तापक्ष के माननीय सदस्य, सर्वश्री राधा कृष्ण किशोर, बिरंची नारायण, अनंत कुमार ओझा एवं श्री मनीष जयसवाल अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर अखबारों की प्रतियाँ दिखाते हुए कुछ-कुछ बोल रहे थे जो भारी शोरगुल के कारण स्पष्ट सुनाई नहीं दे रहा था,

viii- माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा आसन के माध्यम से सदन को संसूचित किया गया कि आदिवासियों के जमीनों की अवैध जमाबंदी की जाँच हेतु उपायुक्त, राँची को सरकार द्वारा आदेश दे दिया गया है।

इस क्रम में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्यों द्वारा सदन की वेल में पूर्व की भाँति नारेबाजी की जाती रही। अतएव अव्यवस्था के महौल को देखते हुए सदन की

कृ०पृ०उ०

कार्यवाही 11.23 बजे पूर्वा० से लेकर 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

(इस अवसर पर पुनः झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्य अपनी माँगों को लेकर सदन की वेल में आ गये तत्पश्चात् सदन का परित्याग किया।)

2.<u>वित्तीय कार्य</u>:-

माननीय मुख्यमंत्री, श्री रघुवर दास सह प्रभारी मंत्री(वित्त) द्वारा वित्तीय वर्ष-2017-18 के आय-व्ययक (बजट) सभा में उपस्थापित किया गया।

बजट उपस्थापन के उपरांत माननीय मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चन्द्र बोस तत्पश्चात् झारखण्ड के अमरवीर शहीदों बिरसा मुण्डा, सिद्धो-कान्हों, चाँद-भैरव, वीर बुद्धू भगत, नीलाम्बर-पीताम्बर, तेलंगा खड़िया, जतरा टाना भगत, पाण्डे गणपत राय, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, तिलका मांझी को नमन करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ० भीमराव अम्बेडर तथा युग प्रर्वत्तक प्रणेता स्वामी विवेकानन्द जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। झारखण्ड में गरीबी को देखते हुए वित्तीय वर्ष-2017-18 को गरीब कल्याण वर्ष के रूप में मनाये जाने की घोषणा भी की। अपने बजट भाषण में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा मूलतः कृषि, पशुपालन, सहकारिता एवं सिंचाई के माध्यम से ग्रामीणों की आय दो गुणा करना, महिलाओं में सहकारिता तथा उद्यमिता को विकसित कर सखी मण्डलों के माध्यय से उन्हें स्वावलम्बी बनाना, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आदिम जनजाति तथा अल्पसंख्यकों का समग्र विकास, शिक्षा, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं कौशल विकास, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना का विकास तथा 24X7 विद्युत व्यवस्था, उद्योग एवं श्रम सुधार, पेयजल एवं स्वच्छता, नगरीय संरचना में अभिवृद्धि, प्रशासन के हरेक पहलू में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर, पारदर्शी, भ्रष्टाचार मुक्त एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करना, राज्य की सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण, विधि व्यवस्था पर प्रकाश डाला।

भाषण समापन के उपरांत माननीय मुख्यमंत्री द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय सहित सभी माननीय मंत्रियों एवं सदस्यों को सभा परिसर में आयोजित भोज में शामिल होने हेतु आग्रह किया तदुपरांत सदन की कार्यवाही मंगलवार दिनांक-24.01.2017 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

राँची,

दिनांक- 23 जनवरी, 2017 ई०।

बिनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।